रक्सौल बॉर्डर पर दो विदेशी नागरिक गिरफ्तार

बिना वैध दस्तावेज भारत में प्रवेश की कोशिश में पकड़े गए महिला सहित दो विदेशी

रक्सौल/सन्मार्ग/संवाददाता। भारत-नेपाल सीमा स्थित रक्सौल बॉर्डर पर सुरक्षा एजेंसियों को बड़ी सफलता मिली है। इमिग्रेशन विभाग और हरैया थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक स्विस महिला एवं म्यांमार के एक युवक को बिना वैध दस्तावेजों के नेपाल से भारत में प्रवेश करने के प्रयास के आरोप में हिरासत में ले लिया गया। जानकारी के अनुसार, हरैया थाना क्षेत्र के कस्टम चौक के समीप इमिग्रेशन विभाग की टीम नियमित जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान दो विदेशी संदिग्ध परिस्थितियों में पाए गए। जांच के दौरान वे भारत में प्रवेश के लिए आवश्यक वैध वीजा एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पूछताछ में महिला की पहचान स्विट्जरलैंड निवासी जुनिला थेक श्रेष्ठा तथा युवक की पहचान म्यांमार के यांगून निवासी आंग निंग लेट के रूप में हुई। दोनों को हिरासत में लेकर हरैया थाना लाया गया, जहां इमिग्रेशन विभाग की सूचना पर उनके विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। हरैया थानाध्यक्ष किशन कुमार पासवान ने बताया कि कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। मामले की गहन जांच की जा रही है, यह पता लगाया जा रहा है कि वे किस उद्देश्य से भारत में प्रवेश करना चाहते थे। पुलिस ने बताया कि रक्सौल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी को और सख्त किया गया है तथा अवैध आवाजाही रोकने के लिए विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

एक झलक

सोशल मीडिया पर युवती से छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

हरसिद्धि/सन्मार्ग/सं.। स्थानीय थाना पुलिस ने मटियरिया बाजार स्थित एक साइबर कैफे संचालक को युवती की तस्वीर से छेड़छाड़ कर उसे वायरल करने एवं धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मटियरिया निवासी संजय कुशवाहा पिता रामचंद्र सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने अन्य अभियुक्तों के साथ मिलकर वादी की रिश्तेदार युवती की तस्वीर में बदलाव कर उसे वादी के पास भेजा था। साथ ही रुपये नहीं देने पर फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी जा रही थी। मामले में हरसिद्धि थाना कांड संख्या 236/26 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

बाइक दुर्घटना, तुरकौलिया के एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

तुरकौलिया/सन्मार्ग/सं.। एनएच-28 पर बंजरिया शंकर ढाबा के समीप मंगलवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान तुरकौलिया पूर्वी पंचायत के राजाराम पुल निवासी जियालाल मांझी के पुत्र लालबहादुर मांझी के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक उसी गांव के मदन साहनी का पुत्र गुड्डू साहनी बताया जा रहा है। लाल बहादुर मांझी और गुड्डू साहनी एक ही बाइक पर सवार होकर सपही के रास्ते मोतिहारी जा रहे थे। इसी दौरान बंजरिया थाना अंतर्गत शंकर ढाबा के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी तेज थी कि लालबहादुर मांझी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि गुड्डू साहनी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल गुड्डू साहनी को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। इधर, हादसे की खबर मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बिहार में प्रधानमंत्री फसल सहायता बीमा योजना लागू होने से हर्ष : सिंह

मोतिहारी/सन्मार्ग/कार्यालय। बिहार सरकार द्वारा कैबिनेट से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू कराने की दिशा में प्रयास के फैसले से लोगों में काफी हर्ष है। दी मोतिहारी सेन्ट्रल को -ऑपरेटिव बैंक के उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को धन्यवाद देते हुए कहा की प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू होने से बैंक का एनपीए कम हो जाएगा, इसे लागू करने में पूर्व सहकारिता मंत्री और वर्तमान विधान सभा अध्यक्ष प्रेम कुमार के योगदान को नहीं भुलाया जा सकता है, श्री सिंह ने कहा की मेरे सात माह के कार्यकारी अध्यक्ष और चार माह के अध्यक्ष पद के कार्यकाल के दौरान किये गये अथक प्रयास से यह हुआ,साथ पूर्व वित्त मंत्री और वर्तमान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मेरे आग्रह पर सौ करोड़ की रीवाइवल पैकज दी मोतिहारी सेन्ट्रल को ऑपरेटिव बैंक को देने का आदेश दिया, उनके निर्देश पर नावार्ड के माध्यम से वित्त मंत्रालय को भेजा गया जो लंबित है। नतीजतन -ऑपरेटिव बैंक के उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने बैंक के वर्तमान अध्यक्ष से सौ करोड़ की रीवाइवल पैकेज यथाशीघ्र बैक को आवंटित कराने की मांग की है।

पोखर में जहर डालकर 25 लाख की मछलियां मारने का आरोप

छपरा/सन्मार्ग/सारण/सं.। सारण जिले के मढ़ौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत भलुही गांव में मछली पालन व्यवसाय से जुड़े एक बड़े नुकसान का मामला सामने आया है। गांव की एक निजी तालाब में अज्ञात लोगों द्वारा जहरीला पदार्थ डालने की आशंका जताई जा रही है, जिससे लाखों रुपए मूल्य की मछलियों की मौत हो गई है। इस घटना से न केवल पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक क्षति हुई है, बल्कि पूरे इलाके में भी चिंता और चर्चा का माहौल बन गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि भलुही गांव निवासी सेवानिवृत्त सैनिक अखिलेश प्रसाद एवं उनकी पत्नी गायत्री देवी पिछले चार वर्षों से मछली पालन का व्यवसाय कर रहे हैं। उन्होंने करीब तीन एकड़ क्षेत्रफल की पोखर को लीज पर लेकर उसमें पंगास, रूपचंद, रोहू और कतला प्रजाति की मछलियां पाल रखी थीं।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की 10वीं वर्षगांठ पर विशेष आयोजन

सुगौली/सन्मार्ग/संवाददाता। भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) की 10 वीं वर्षगांठ मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सुगौली में उत्साहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. एम. ए. असअद ने किया। इस अवसर पर स्वास्थ्यकर्मियों ने अभियान की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के तहत सीएचसी सुगौली में 120 से अधिक गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व स्वास्थ्य परीक्षण (एएनसी) किया गया। जांच के दौरान महिलाओं का रक्तचाप, वजन, हीमोग्लोबिन सहित विभिन्न आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए गए तथा उन्हें सुरक्षित मातृत्व से संबंधित महत्वपूर्ण सलाह दी गई। इसके अलावा तीन अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा 16 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में भी विशेष जांच शिविर आयोजित किए गए, जहां लगभग 280 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की शुरूआत वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री द्वारा उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान सुनिश्चित करने तथा मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से की गई थी। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक माह की 9 एवं 21 तारीख को गर्भवती महिलाओं को विशेषज्ञ चिकित्सकीय जांच और परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। कार्यक्रम में चिकित्सक, एएनएम, आशा कार्यकर्ता तथा स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित रहे। अभियान की सफलता को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों ने संतोष व्यक्त किया और इसे जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

शहर के मंदिर से मुकुट चोरी चोरों ने मंदिर में की चोरी

पुलिस सीसीटीवी कैमरा खंगालने में जुटी

मोतिहारी/सन्मार्ग/सं.। नगर थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध मंदिर में अज्ञात चोरों ने चोरी कर की है , जिससे पूरे मुहल्ले में सनसनी फैल गई है। बताया गया है कि बेलीसराय स्थित दिव्यधाम मंदिर में अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस की खुली चुनौती देने के साथ ही सैकड़ों मुहल्लेवासियों के भावनाओं को ठेस पहुंचाया है। चोरों ने मंदिर में स्थापित मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, मां दुर्गा, बजरंगबली और माता पार्वती की प्रतिमाओं से चांदी के मुकुट और छतरी चुरा लिए। घटना के बाद क्षेत्र में श्रद्धालुओं के बीच आक्रोश का माहौल व्याप्त ही गया है। इस संबंध में मंदिर प्रबंध समिति के सचिव ने बताया कि सुबह पुजारी अरुण कुमार मिश्र जब पूजा अर्चना करने के लिए मंदिर पहुंचे तो उन्हें मंदिर का ताला टूटा मिला। प्रारंभ में किसी बड़ी चोरी की आशंका नहीं हुई, लेकिन पूजा करने पहुंचीं महिलाओं ने मूर्तियों से मुकुट और छतरी गायब होने की जानकारी दी। इसके बाद चोरी की घटना का खुलासा हुआ। पुजारी के अनुसार, चोरों ने रात के समय घटना को अंजाम दिया और करीब एक किलो वजन के चांदी के मुकुट व छतरी लेकर फरार हो गए।

महंगाई, बेरोजगारी, भष्टाचार, विधि ववस्था के विरोध में प्रत्येक प्रखंड मुख्यालयों पर राजद का धरना

मोतिहारी/सन्मार्ग टीम। राष्ट्रीय जनता दल के आह्वान पर जिले के 27 प्रखंड मुख्यालयों पर रजत कार्यकताओं ने धरना दिया। मोतिहारी सदर प्रखंड मुख्यालय पर एकदिवसीय धरना दिया गया जिसमें भारी संख्या में कार्यकताओं में भाग लिया।

बनकटवा सन्मार्ग संवाददाता के अनुसार : प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय धरना कार्यक्रम की अध्यक्षता सीताराम प्रसाद यादव ने की, जबकि मंच संचालन पंचायत अध्यक्ष ऋषि यादव ने किया। धरना के माध्यम से क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं एवं मांगों को लेकर प्रखंड प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण, युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर सरकारी बहाली, संविदा कर्मियों के हितों की रक्षा तथा बिहार में बिगड़ती कानून-व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई गई। धरना में युवा प्रखंड अध्यक्ष शिव शंकर यादव, आपदा प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रमोद यादव, जिला छात्र अध्यक्ष राकेश यादव, बच्चा यादव, शैलेश्वर यादव, संजय यादव, राम पुकार यादव, राम पुकार शाह, सजावल यादव, मंटू कुमार यादव, अजय यादव, राम विश्वास यादव, अजय कुमार, कुणाल यादव, राहुल यादव, राम किशोर सिंह,परवेज आलम, दीपक कुमार गुप्ता, सुबोध यादव सहित सैकड़ों राजद कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रखंड प्रशासन को सौंपा गया। **कोटवा सन्मार्ग संवाददाता के अनुसार :** प्रखंड परिसर में राष्ट्रीय जनता दल ने मौजूदा सरकार के विरोध में भ्रष्टाचार की लेकर मंगलवार को धरना प्रदर्शन किया। कल्याणपुर के पूर्व विधायक सह राजद के जिलाध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने कहा कि मौजूदा सरकार जनता को झासा दे रही है । उन्होंने नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार शाहिद सम्राट चौधरी को बिहार की दुर्दशा के लिए जिम्मेवार बताया। मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष अनिल दास, मुखिया संघ अध्यक्ष जितेंद्र यादव, पूर्व मुखिया लखेंद्र यादव, समाजसेवी अरविंद यादव समेत बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए। **पीपराकोठी सन्मार्ग संवाददाता के अनुसार :** राष्ट्रीय जनता दल ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया। यह प्रदर्शन महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बिगड़ती कानून-व्यवस्था और बढ़ती गरीबी के मुद्दों को लेकर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष शौकीलाल सहनी ने की, जबकि मोतिहारी की मेयर प्रीति गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। मेयर प्रीति गुप्ता ने केंद्र और राज्य सरकारों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आम जनता महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त है, वहीं सरकारी तंत्र भ्रष्टाचार की गिरफ्त में है। मेयर ने जनता से आह्वान किया कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर आवाज उठाएं, क्योंकि सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित है। उक्त अवसर पर राजद प्रखंड अध्यक्ष शौकीलाल सहनी, मो. कादरी, असलम, नजरे आलम, अभय प्रताप, मुन्ना, अजय कुमार, वीरबहादुर सहनी, सैमुल्लाह, मासूम और आफताब कादरी आदि राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

रक्सौल लायंस क्लब के अध्यक्ष बिमल सर्राफ बने जोनल चेयरपर्सन

पांच अन्य सदस्यों को भी मिली जिम्मेवारी

रक्सौल/सन्मार्ग/सं.। लायंस इंटरनेशनल जिला 322 ई की लायनिस्टिक वर्ष 2026-27 की प्रथम प्रीपेरटरी कैबिनेट मीटिंग एवं डिस्ट्रिक्ट स्कूलिंग कार्यक्रम में रक्सौल लायंस क्लब का परचम रहा। पटना के एक होटल स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में रक्सौल लायंस क्लब के पांच सदस्यों को जिला स्तरीय महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए। फलस्वरूप क्लब सदस्यों एवं नगरवासियों में हर्ष है। निर्वाचित जिलापाल ला. संगीता नंदा के नेतृत्व में गठित नई कैबिनेट में रक्सौल लायंस क्लब के वर्तमान अध्यक्ष ला. बिमल सर्राफ को जोनल चेयरपर्सन का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया। उनके जोन में रक्सौल, सीतामढ़ी अम्बा, सीतामढ़ी यूथ एवं सीतामढ़ी सेंट्रल लायंस क्लब शामिल हैं। इसके अतिरिक्त उन्हें इंडो-नेपाल मीट एंड रिलेशन का डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन भी मनोनीत किया गया है। वहीं क्लब के वरिष्ठ सदस्य नारायण रुंगटा को रीजनल कोऑर्डिनेटर (जीएसटी), साइमन रेक्स को डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन (बुक बैंक), मो. निजामुद्दीन को संयुक्त डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन (इंडो-नेपाल मीट एंड रिलेशन) तथा अमित कुमार को संयुक्त डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन (रीजनल फोरम) के पद पर मनोनीत किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता निर्वाचित जिलापाल लायन संगीता नंदा ने की।

प्रत्येक जरूरतमंदों तक नालसा के उद्देश्यों को समन्वयक स्थापित कर पहुंचाना महत्वपूर्ण : नितिन त्रिपाठी

मोतिहारी/सन्मार्ग/कार्यालय। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मोतिहारी के सचिव नितिन त्रिपाठी विगत दो दिनों से विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ लगातार समीक्षा एवं समन्वय बैठक कर रहे हैं। जाहिर है इसका उद्देश्य राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा तथा आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को अंतिम रूप देना है। उल्लेखनीय है कि बैठको के माध्यम से डॉन योजना, नालसा जागृति योजना (सुरक्षित बचपनझसुरक्षित भविष्य), वीर पुरस्कार सहायता योजना, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण अभियान सहित अन्य नालसा योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई।

तेतरिया के ताजपुर सरैया में जीविका दीदियों को दी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

मोतिहारी/सन्मार्ग डेस्क। पूर्वी चंपारण।?तेतरिया में महिला एवं बाल विकास निगम, के दिशा-निर्देश के आलोक में मंगलवार को तेतरिया प्रखंड के ताजपुर सरैया में जीविका समूह की महिलाओं के साथ एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित महिला एवं बाल विकास निगम के जिला परियोजना प्रबंधक वीरेंद्र राम ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की रूपरेखा रखी। जिला मिशन समन्वयक निधि कुमारी ने जिला स्तर पर महिलाओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। इसके साथ ही जेंडर विशेषज्ञ निर्भय कुमार ने समाज में लैंगिक समानता और महिलाओं के कानूनी अधिकारों पर प्रकाश डाला, जबकि वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ रितेश कुमार ने जीविका दीदियों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने, बचत करने और सरकारी अनुदान योजनाओं का लाभ उठाने के संबंध में महत्वपूर्ण गुर सिखाए। इस अवसर पर?'सखी वार्ता' और 'महिला हेल्पलाइन 181' पर विशेष जोर दिया गया। उपस्थित महिलाओं को विशेष रूप से "महिला हेल्पलाइन - 181" के बारे में विस्तार से बताया गय अधिकारियों ने कहा कि किसी भी प्रकार की घरेलू हिंसा, मानसिक या शारीरिक प्रताड़ना की स्थिति में महिलाएं इस टोल-फ्री नंबर (181) पर कॉल कर तुरंत सहायता पा सकती हैं।

पीएम फसल बीमा योजना किसनों के हित में बड़ा कदम : राजकिशोर

हरसिद्धि/सन्मार्ग/सं.। किसानों के हित में बिहार सरकार द्वारा लिए गए फैसले का स्थानीय जनप्रतिनिधियों और पैक्स अध्यक्षों ने स्वागत किया है। हरसिद्धि प्रखंड के ओलाहा मेहता टोला पैक्स अध्यक्ष राजकिशोर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने एक अहम निर्णय लेते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को फिर से लागू करने की मंजूरी दी है, जिससे किसानों को बड़ी राहत मिलेगी।करीब 15 वर्षों बाद इस योजना को दोबारा लागू करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत प्राकृतिक आपदाओं, फसल क्षति और अन्य जोखिमों से प्रभावित किसानों को आर्थिक सुरक्षा मिल सकेगी। श्री सिंह ने कहा कि पहले फसल बर्बाद होने के बाद किसानों की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर हो जाती थी और उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ता था।

खोया पाया

मैं श्रीमती उषा देवी, पती - अमरजीत केवट, ग्राम-डेरमा, पोस्ट- डेरमा, पंचायत बडैल प्रखण्ड अकबरपुर, थाना- नेमदारगंज, जिला नबादा, बिहार का स्थायी निवासी हुं। जो कि मैं श्री अरविन्द कुमार वर्मा पिता स्व रामशरण सिंह ग्राम- डेरमा, पोस्ट-डेरमा, पंचायत बडैल प्रखण्ड अकबरपुर, थाना-नेमदारगंज, जिला नबादा, बिहार का स्थायी निवासी है। उन्से मैं खाता नं.-113, प्लॉट नं.-2038, 2 डिसमिल खरीदारी किए थे, जो कि केवाला घर से नबादा जाने के क्र में रास्ते में करीब दो वर्ष पहले खो गया था। जिसकी सूचना नेमदारगंज (नबादा) में दिए है। जिसका सनहा नंवर SDE No. 108/26, दिनांक 03.06.2026. यदि किसी ने उक्त विलेख पाया है कृपया निम्नलिखित सपंर्क पर सुचित करें। ज्ञान अभिनव, **मोबाइल** नं.-8956734347

आवश्यकता

ईश्वरीय संस्कृत प्राथमिक सह माध्यमिक विद्यालय भगवानपुर वैशाली में राज्य सरकार के स्वीकृत वेतनमान में सहायक शिक्षक आचार्य 03, स्नातक 02 (विज्ञान शिक्षक 01, जीवविज्ञान), लिपिक 1 (कम्प्यूटर ज्ञान) की आवश्यकता है। विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिनों के अंदर विद्यालय सचिव के पदनाम से निबंधित डाक/हाथों हाथ आवेदन पत्र प्राप्त किये जायेंगे। आवेदन पूर्ण विवरण के साथ प्रमाण पत्रों की अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ दें। आवेदक की उम्र शिक्षक हेतु 21 वर्ष एवं शिक्षकेत्तर हेतु 18 वर्ष निर्धारित है, अधिकतम उम्र राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मान्य होगी। अंतर्वीक्षा दिनांक 28.06.2026 को विद्यालय में होगी।

ह./-सचिव
ईश्वरीय संस्कृत प्राथमिक सह माध्यमिक विद्यालय,
भगवानपुर, वैशाली,
पिन-844114

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना संख्या : NER-BSB0SnT-OT-20-2026

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार/ पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रमांक : 1, **निविदा सूचना सं. एवं कार्य का नाम :** NER-BSB0SnT-OT-20-2026 **कार्य का नाम :** वाराणसी मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर Rail Net के लिए GPON-आधारित नेटवर्क की व्यवस्था, **अनुमानित लागत:** ₹ 3,91,51,166.48, **बयाना की राशि :** ₹ 7,83,000.00, **निविदा प्रपत्र की कीमत :** ₹ 00.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 180 दिन, **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय :** 29.06.2026 को 15:00 बजे।

1. ई-निविदा दिनांक 29.06.2026 को 15:00 बजे तक आनलाईन जमा किया जा सकेगा। **2.** पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाईट i.e. www.ireps.gov.in देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार
मुजाधि/सिगनल-51 पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

पूर्व मध्य रेल

(निर्माण विभाग)

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं. 1, **ई–निविदा सं०:** पूमरे–मुप्रअ–नि–द– इपीसी –02–26–27, **कार्य का नाम:** इंजीनियरिंग प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी)''– पुनरख–किउल तीसरी और चौथी रेल लाइन परियोजना के संबंध में तीसरी और चौथी लाइन जिसमें फार्मेसन अप्रोच पर उनका निर्माण और सुरक्षा कार्य शामिल है के लिए महत्वपूर्ण पुल संख्या 136 (9x45.70 मीटर OWG), 151 (26x30.50 मीटर बैलास्टेड डेक OWG वेल्डेड थ्रू टाइप), 153 (11x30.50 मीटर बैलास्टेड डेक OWG वेल्डेड थ्रू टाइप+1X12.20 मीटर PSC स्लैब), 154 (14X30.50 मीटर बैलास्टेड डेक OWG वेल्डेड थ्रू टाइप), 161 (1x9.15 मीटर PSC स्लैब+ 10X30.50 मीटर बैलास्टेड डेक OWG वेल्डेड थ्रू टाइप+ 1x9.15 मीटर PSC स्लैब),162 (1X9.15 मीटर PSC स्लैब+10X30.50 मीटर बैलास्टेड डेक OWG वेल्डेड थ्रू टाइप +1X9.15 मीटर PSC स्लैब), 163 (17X30.50) मीटर बैलास्टेड डेक OWG वेल्डेड थ्रू टाइप +1X12.20m PSC स्लैब) और बड़ा पुल संख्या 144 (2X12.20m PSC स्लैब), 145 (2X12.20m PSC स्लैब), 152 (4X45.70m OWG), 155 (2X9.15m PSC स्लैब), 156 (1X9.15m PSC स्लैब+1X30.5m बैलास्टेड डेक OWG वेल्डेड थ्रू टाइप+1X9.15m PSC स्लैब), 157 (2X45.70m OWG), 158 (1x9.15m PSC स्लैब+3x30.50m बैलास्टेड डेक OWG वेल्डेड थ्रू टाइप+1X9.15m PSC स्लैब), 159 (1X9.15m PSC स्लैब+ 3X30.5m बैलास्टेड डेक ओडब्ल्यूजी वेल्डेड थ्रू टाइप+1X9.15 मीटर पीएससी स्लैब),160 (7X30.50 मीटर बैलास्टेड डेक ओडब्यूजी वेल्डेड थ्रू टाइप), **अंकलित मूल्य (रू):** 1280,01,81,360.15, **निविदा प्रपत्र का लागत (रू):** 0.00, **अग्रधन राशि (रू):** 25,60,03,700.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 36 महीना, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 15.07.2026 at 12.15 बजे।, सी ई–निविदाओं के तहत डाक/ कुरियर /फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नही किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा । उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: **http//www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

द्रष्टव्य: निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ **IREPS** वेबसाइट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण,
पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रूघाट, पटना

पीआर/0370/सीओएन/एस/एमएचएक्स/पटना/सीओएनएसटी/टी/26–27/72

UJJIVAN SMALL FINANCE BANK

उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक

रजिस्टर्ड ऑफिस: ग्रेप गार्डन, नंबर 27, तीसरा 'A' क्रॉस, 18वां मेन, छठा ब्लॉक, बेंगलुरु-560095
रीजनल ऑफिस: मंगला, बंगाली पार्क, चौथी मंज़िल, परिसर नंबर 02-0360, प्लॉट नंबर DH-6/2, एक्शन एरिया 1D, न्यू टाउन, P.O. राजारहाट, P.S. - न्यू टाउन (पुराना राजारहाट), कोलकाता - 700160.

सार्वजनिक नीलामी की सूचना

सिक्योरिटाइज़ेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ़ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ़ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट (SARFAESI एक्ट) 2002 और सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स 2002 के नियम 8(6) और 9 के तहत बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना। Ujjivan Small Finance Bank Ltd के अधिकृत अधिकारी के तौर पर, नीचे हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति ने SARFAESI एक्ट की धारा 13(4) के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए नीचे दी गई संपत्ति का कब्ज़ा ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि बैंक का बकाया वसूलने के लिए नीचे बताए गए खाते से जुड़ी गिरवी रखी गई संपत्ति की सार्वजनिक नीलामी **"जैसी है, जहाँ है"** (as is where is) और **"जैसी है, वैसी है"** (as is what is) के आधार पर नीचे बताई गई तारीख को की जाएगी।

क्र. सं.	लोन अकाउंट नंबर	उधारकर्ता/ सह-उधारकर्ता/ गारंटर का नाम	13-2 नोटिस की तारीख और इस तारीख तक मांगी गई रकम	कब्ज़ा मिलने की तारीख	08-06-2026 तक बकाया राशि	प्रॉपर्टी के निरीक्षण की तारीख और समय	आईएनआर में रिज़र्व प्राइस	आईएनआर में अनैक्स्ट मनी डिपॉज़िट (ईएमडी) (रिज़र्व प्राइस का 10%)	ई-ऑक्शन की तारीख और समय	बोली जमा करने की आखिरी तारीख	ईएमडी जमा करने के लिए अकाउंट की जानकारी (ईएमडी 'उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक' के पक्ष में बने डिमांड ड्राफ्ट के ज़रिए जमा की जानी है)
1.	33522100 80000016	**1. श्री अनुराग कुमार प्रसाद** पिता-बिंदेश्वरी प्रसाद **2. क्वीन सिंगार घर एवं जनरल स्टोर** प्रस्तावक-अनुराग कुमार प्रसाद **3. सीमा** पती- अनुराग कुमार प्रसाद **4. बिंदेश्वरी प्रसाद** पिता ज्ञानचन्द्र प्रसाद	04-11-2023 को रु. 9,25,036.07 (31-10-2023 की स्थिति के अनुसार)	14-02-2024	रु. 12,07,207.55/-	17-06-2026 सुबह 10:00 बजे	Rs.11,56,000/-	Rs.1,15,600/-	30-06-2026 सुबह 10:00 बजे	29-06-2026	ईएमडी, उज्जिवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के पक्ष में बने डिमांड ड्राफ्ट के ज़रिए जमा की जानी है।

प्रॉपर्टी का विवरण/अनुसूची: विन्देश्वरी प्रसाद के नाम पर मौज़ा - हतिसार, थाना - मरहोराह (थाना नंबर 22), सब-रजिस्ट्री - मरहोराह, ज़िला - सारण में खाता नंबर 14, सर्वे नंबर 1415 में स्थित लगभग 2 कट्ठा 11 धुर ज़मीन का टुकड़ा और उस पर बने सभी निर्माण। **सीमाएँ: पूर्व:** मोती लाल शर्मा; **पश्चिम:** विन्देश्वरी प्रसाद; **उत्तर:** राघव शर्मा और नंद शर्मा; **दक्षिण:** प्रेम चंद प्रसाद और गणेश प्रसाद। यह प्रॉपर्टी बिन्देश्वरी प्रसाद उर्फ विन्देश्वरी प्रसाद पाल (आपमें से नंबर 4) की है, जो सेल डीड नंबर 2812 (दिनांक: 14.10.2017) के तहत है।

नियम और शर्तें: -

ई-नीलामी "जैसा है, जहाँ है" (AS IS WHERE IS), "जैसा है, वैसा है" (AS IS WHAT IS) और "जो कुछ भी है" (whatever there is) के आधार पर आयोजित की जा रही है।

1. अधिकृत अधिकारी की जानकारी और ज्ञान के अनुसार, किसी भी संपत्ति पर कोई भार (encumbrances) नहीं है। हालाँकि, बोली लगाने वालों को अपनी बोली जमा करने से पहले नीलामी के लिए रखी गई संपत्ति/संपत्तियों के भार, मालिकाना हक और संपत्ति से जुड़े दावों/अधिकारों/बकाया राशि के बारे में खुद स्वतंत्